हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे0न0ब0ग0वि0वि0 / परीक्षा / 2022 / 821 दिनॉकः 10/08/2022

अधिसूचना

एतद्द्वारा परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि, हे0न0ब0ग0विश्वविद्यालय **बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर** (सत्र 2021–22) की मुख्य एवं बैक पेपर के ऑनलाईन **(hnbgu.ac.in/online.hnbgu.ac.in)** परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि सक्षम अधिकारियों के अनुमोदन उपरान्त निम्नवत् जारी की जाती हैः–

1. Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि – **11 अगस्त 2022**
2. Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि – **23 अगस्त 2022**
3. विलम्ब शुल्क रू0 1,000 / – के साथ आवेदन पत्र भरने की तिथि **24.08.2022 से 27.08.2022 तक।**
4. विभाग / परिसर / महाविद्यालय / संस्थान द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र Online Verification के पश्चात् विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र, **रोललिस्ट एवं N.R. (Numerical Return) / सम्बद्धता पत्र की 02-02** प्रतियों में परीक्षा अनुभाग / अतिगोपनीय अनुभाग में जमा करने की **अन्तिम तिथि 30 अगस्त 2022 तक।**

यदि किसी छात्र / छात्रा को Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान / परिसर से सम्पर्क करें अथवा डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर की मेल आईडी hnbgudpu@gmail.com पर पत्राचार कर समाधान पा सकते हैं। **छात्रो से अपेक्षा की जाती हैं कि वे विश्वविद्यालय पोर्टल पर अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुये यथासमय पर अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें।**

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव, परीक्षा

प्रतिलिपिः–

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञिप्ति को दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला / शाह टाइम्स / राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक विश्वविद्यालय परिसर, बी0गोपाल रेड्डी परिसर पौड़ी गढ़वाल एवं एस0आर0टी0 परिसर बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल / प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जाँच एवं सत्यापन उपरान्त सूचीवद्ध **दिनांक 30 अगस्त 2022 तक** विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।
3. अनुभागीय अधिकारी, परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्रों का आवेदन पत्र एवं शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र / ई–गर्वनेन्स को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे सम्बन्धित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करें। साथ ही विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर से सभी शुल्क का विवरण सत्यापित करवा कर रिकंसाईल करवा लिया जाये।
4. कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द / ई–गर्वनेन्स को इस आशय से प्रेषित कि छात्र / छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र भरने हेतु विश्वविद्यालय विवरणिका सत्र 2021–22 एवं मान्यता अनुभाग से प्राप्त सत्र 2021–22 हेतु स्वीकृत सीटों के अनुसार Online पोर्टल खोलना सुनिश्चित करने कष्ट करें।
5. वित्त अधिकारी / उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव, अतिगोपनीय / प्रभारी, उपकार्यालय बिन्दाल पुल देहरादून के सूचनार्थ प्रेषित।
6. परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञाप्ति को विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट **www.hnbgu.ac.in** पर प्रसारित करें।
8. निजी सचिव कुलसचिव–कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
9. मा0 प्रति कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ।
10. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय– माननीय कुलपति महोदया जी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
11. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव, परीक्षा